>

Title: Request to give compensation to farmers who suffered crop loss due to heavy hailsstorm.

श्रीमती केसरी देवी पटेल (फूलपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूँ कि हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में 90 फीसदी लोग कृषि पर निर्भर है। पिछले चार दिनों से अचानक बेमौसम बरसात हो रही है। भयानक ओलावृष्टि और चक्रवात से किसानों की संपूर्ण फसलें नष्ट हो गई हैं। यह जनपद के कृषकों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। पूरे प्रयागराज जनपद में विशेष कर यमुनापार, करछना, बारा, सोरांव, शंकरगढ़ और गंगापार के एक बड़े हिस्से में ओलावृष्टि और चक्रवात हुआ है। इससे वहाँ की पूरी फसल तबाह और बर्बाद हो गई है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि किसानों की फसलों को हुए नुकसान का परीक्षण कराकर किसानों को यथाशीघ्र क्षतिपूर्ति हेतु निर्देश देने का प्रयास करें।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती केसरी देवी पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।